खबर संक्षेप

चार साल से बंद नादन अस्पताल, जिला पंचायत सदस्य ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखा पत्र



मैहर। नादन में करीब चार साल से बनकर तैयार अस्पताल पर ताला लटका हुआ है। अस्पताल शुरू कराने और डॉक्टरों की नियुक्ति को लेकर पहले भी कई बार खबरें प्रकाशित हो चुकी हैं,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई है। जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं से जुड़े इस गंभीर मुद्दे को लेकर जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी ने एक बार फिर पहल की है। उन्होंने मध्यप्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को पत्र लिखकर नादन अस्पताल का शीघ्र संचालन शुरू कराने और आवश्यक डॉक्टरों की नियुक्ति करने की मांग की है।अस्पताल शुरू होने से नादन सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। अब देखना होगा यकि स्वास्थ्य मंत्री इस मांग पर कब तक संज्ञान लेते हैं और वर्षों से बंद पड़े अस्पताल के दरवाजे मरीजों के लिए कब खुलते हैं।

5 घरेलु सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग करने पर जब्त



सतना। कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस के निर्देशन में चित्रकूट में जिला आपूर्ति अधिकारी सम्यक जैन के नेतृत्व में जांच दल ने विभिन्न खाद्य विक्रय प्रतिष्ठानों की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक उपयोग किए जाने पर कार्यवाही करते हुए कुल 5घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जांच दल द्वारा सद्गुरु कैफे एंड भोजनालय (जानकीकुंड),पंचवटी रेस्टोरेंट,गीतांजलि रेस्टोरेंट, सद्गुरु जलपान रेस्टोरेंट (होटल रामसंस) तथा मिश्रा यूपी ढाबा की जांच की गई। इस दौरान घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक दुरुपयोग का मामला सामने आने पर सिलेंडर जब्त कर नियमानुसार कार्यवाही की गई।

बुंदेलखंड और सीधी अंचल को मिलेगी नई रफ्तार

आज से पटरी पर दौड़ेगी देवेंद्र नगर-चुरहट मेमू ट्रेन

सतना। बुंदेलखंड और सीधी अंचल के बीच रेल संपर्क को एक नई दिशा मिलने जा रही है। 25 अक्टूबर से देवेंद्र नगर-चुरहट मेमू ट्रेन की नियमित सेवा शुरू हो रही है। सतना और रीवा मार्ग से होकर गुजरने वाली यह ट्रेन क्षेत्र के कई छोटे-बड़े स्टेशनों को आपस में जोड़ेगी,जिससे स्थानीय यात्रियों को आवागमन का एक बेहतर और सुलभ विकल्प मिलेगा।

शनिवार को होगा भव्य उद्घाटन

शनिवार को सतना-देवेंद्र नगर और रीवा-चुरहट रेलखंडों का औपचारिक उद्घाटन किया जाएगा। इसके साथ ही नई मेमू ट्रेन सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस अवसर पर दोपहर 2 बजे नागोद और चुरहट रेलवे स्टेशनों पर विशेष कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

दिग्गज नेता वर्चुअली और प्रत्यक्ष रूप से होंगे शामिल

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव और केंद्रीय रेल,सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिकी एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव वर्चुअली जुड़कर रेलखंडों का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल,राज्यमंत्री प्रतिमा बागरी,सतना सांसद गणेश सिंह,रीवा सांसद जनार्दन मिश्र,खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा,सीधी सांसद डॉ.राजेश मिश्रा,इसके अतिरिक्त,पश्चिम मध्य रेलवे के महाप्रबंधक,मंडल रेल प्रबंधक और स्थानीय वरिष्ठ रेल अधिकारियों का दल भी इस उद्घाटन समारोह में उपस्थित रहेगा।

यात्रियों को क्या होगा फायदा?

बुंदेलखंड और विंध्य/सीधी क्षेत्र के बीच सीधी ट्रेन सेवा से समय और पैसे दोनों की बचत होगी। रास्ते में आने वाले कई छोटे-बड़े स्टेशनों के दैनिक यात्रियों और ग्रामीणों को आवाजाही में बड़ी राहत मिलेगी।

ट्रेन का समय-सारणी और रूट चार्ट (गाड़ी संख्या 11629)



देवेंद्रनगर से प्रस्थान: सुबह 7 बजे,फुलवारीः सुबह 7:25 बजे
नागौदः सुबह 07:58 बजे
बरेठियाः सुबह 08:20 बजे
करहीः सुबह 08:45 बजे
सतना स्टेशनः सुबह 09:00 बजे आगमन। सुबह 09:10 बजे प्रस्थान
आगे का मार्गः सतना से रवाना होकर ट्रेन कैमा,सकरिया,हिनौता रामबन,बघई रोड और तुकी रोड होते हुए रीवा पहुंचेगी।
रीवा स्टेशनः सुबह 10:40 बजे आगमन। सुबह 10:50 बजे प्रस्थान
चुरहट आगमनः दोपहर 01:15 बजे (रीवा से आगे सिलपरा,गोविंदगढ़,बघवार और रामपुर नैकिन में ठहराव करते हुए दोपहर 01:15 बजे चुरहट पहुंचेगी।)

कुल 6 घंटे 15 मिनट का सफर

देवेंद्रनगर से चुरहट तक की पूरी यात्रा में निर्धारित समय 6 घंटे 15 मिनट लगेगा। विशेष रूप से नागौद और इस मार्ग के अन्य छोटे स्टेशनों के यात्रियों के लिए यह ट्रेन सीधी रेल कनेक्टिविटी के रूप में बेहद उपयोगी साबित होगी।

पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने किए मां शारदा के दर्शन, 'सनातन संवाद' में बरसे भक्त, धार्मिक नगरी मैहर में उमड़ा जनसैलाब

मैहर। धर्मनगरी मैहर में शुक्रवार को विश्वविख्यात कथावाचक एवं बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का भव्य शुभागमन हुआ। उनके आगमन पर पूरे क्षेत्र में अभूतपूर्व उत्साह और श्रद्धा का माहौल देखने को मिला।मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर का मैहर पधारने पर श्रीफल,स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र भेंट कर आत्मीय अभिनंदन किया और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक चतुर्वेदी ने कहा कि पूज्य महाराज जी की दिव्य सन्निधि आध्यात्मिक चेतना एवं सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। वे सनातन धर्म के प्रखर ध्वजवाहक हैं तथा सनातन संस्कृति के संवर्धन और लोककल्याण हेतु अहर्निश समर्पित हैं।

मां शारदा के दरबार में लगाई हाजिरी

मैहर पहुंचते ही पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने त्रिकूट पर्वत पर विराजमान मां शारदा देवी के मंदिर पहुंचकर माता के दर्शन किए और विधिवत पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया।इस दौरान मां शारदा मंदिर के प्रधान पुजारी पवन महाराज,दीपक महाराज तथा नितिन महाराज की उपस्थिति में उन्हें माता की चुनर भेंट की गई और विशेष पूजन संपन्न हुआ।



'सनातन संवाद' में जुटी भीड़

मैहर में आयोजित 'सनातन संवाद' कार्यक्रम में भारी संख्या में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जन पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कई श्रद्धालुओं की पर्चियां निकालीं,जिसे लेकर लोगों में विशेष उत्सुकता और उत्साह देखा गया।

दिग्गजों की रही उपस्थिति

इस भव्य आयोजन में मध्य प्रदेश के उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला,सतना सांसद गणेश सिंह, मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी,मैहर कलेक्टर विदिशा मुखर्जी और मैहर पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि,प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। मैहर में 'बागेश्वर बालाजी शक्ति मठ' की घोषणा कार्यक्रम के दौरान मैहर में 'बागेश्वर बालाजी शक्ति मठ' बनाए जाने की घोषणा ने सबसे अधिक सुर्खियां बटोरीं।पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री द्वारा क्षेत्र में धार्मिक गतिविधियों को और आगे बढ़ाने की इस घोषणा से मैहर सहित आसपास के श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह का माहौल है। प्रशासनिक मुस्तैदी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच यह धार्मिक आयोजन पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों एवं कल्याण को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सतना। माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम,2007 एवं वृद्धाश्रमों के लिए निर्धारित न्यूनतम मानकों के संबंध में एक दिवसीय संवेदनशीलता एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को दुर्गा वृद्ध सेवा समिति वृद्धाश्रम सरभंगा में किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों,उनके भरण-पोषण,कल्याण तथा वृद्धाश्रमों में उपलब्ध कराई जाने वाली आवश्यक सुविधाओं के संबंध में जागरूक किया गया।कार्यक्रम में वृद्धाश्रम में निवासरत वरिष्ठजन एवं आसपास के ग्रामीणजन उपस्थित रहे। इस दौरान वरिष्ठ नागरिकों के प्रति संवेदनशील व्यवहार अपनाने तथा उनके सम्मान,सुरक्षा और बेहतर देखभाल सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत अमिरती के सरपंच दिलीप त्रिपाठी,संस्था अध्यक्ष विमल संत एवं समाजसेवी प्रकाश पयासी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

सतना हाफ मैराथनः 2026 की तैयारियाँ अंतिम चरण में, 22 राज्यों के 5 हजार धावक लेंगे हिस्सा

सतना। पं.गणेश प्रसाद मिश्र सेवा न्यास द्वारा आयोजित 'सतना हाफ मैराथन 2026' के सातवें संस्करण की तैयारियाँ अंतिम चरण में हैं। 21किमी,10किमी और 5 किमी की इस दौड़ में 22राज्यों से 5,000 से अधिक धावक भाग लेंगे। फिटनेस को बढ़ावा देने वाले इस आयोजन में 4 लाख रुपये से अधिक के नकद पुरस्कार दिए जाएंगे।तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं। सुरक्षा,पेयजल,मेडिकल सुविधा और आर एफ आईडी टाइमिंग टैग की पुख्ता व्यवस्था की गई है।

उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने गौशाला का किया निरीक्षण

सतना। उपसंचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एपी सिंह द्वारा मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के दौरान विभिन्न गौशालाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पालदेव स्थित श्री लक्ष्मी गौशाला का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में पशुओं के स्वास्थ्य,पेयजल उपलब्धता एवं भूसा भंडारण की व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान गौशाला में भूसे एवं पेयजल की व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। भूसे के समुचित भंडारण एवं उपलब्धता को लेकर विशेष निर्देश दिए गए,ताकि पशुओं को नियमित रूप से पर्याप्त चारा उपलब्ध हो सके। उपसंचालक द्वारा पशुओं में नस्ल सुधार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कृत्रिम गर्भाधान (एआई) की व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। साथ ही गौशाला में सभी पशुओं के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी करने तथा उनके उचित रखरखाव एवं देखभाल सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया।



सफाई व्यवस्था पर प्रशासन सख्त

उपायुक्त का अल्टीमेटम-तीन दिन में शहर साफ हो, लापरवाही पर तय होगी जिम्मेदारी

सतना। शहर की स्वच्छता व्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए जिला प्रशासन ने कड़ा रुख अपना लिया है। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान उपायुक्त डॉ.अनुराग तिवारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि आगामी तीन दिनों के भीतर शहर के सभी हिस्सों से कचरे के ढेरों को पूरी तरह से साफ किया जाए।

उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि तय समयसीमा के बाद शहर में कहीं भी कचरा नजर नहीं आना चाहिए, अन्यथा संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

88 निर्धारित स्थलों से होगा उठाव

नगर निगम के कर्मचारी अपने क्षेत्रों का कचरा तय किए गए 88 स्थलों पर पहुंचाएंगे,जहाँ से 'रेमकी कंपनी' के वाहन नियमित रूप से उसका उठाव और परिवहन करेंगे। सफाई कर्मचारियों की कार्यस्थल पर भौतिक उपस्थिति और काम की नियमित निगरानी की जिम्मेदारी सीधे तौर पर सुपरवाइजरों की होगी। लापरवाही मिलने पर सुपरवाइजरों पर गाज गिरेगी।

खाली भूखंडों पर कचरा मिला तो जुर्माना

यदि शहर के खाली भूखंडों पर कचरे के ढेर मिलते हैं,तो वहाँ चेतावनी नोटिस चस्पा किया जाएगा और संबंधित व्यक्ति पर जुर्माना लगाया जाएगा।जुर्माना न भरने पर यह राशि संपत्ति कर (प्रॉपर्टी टैक्स) खाते में जोड़कर वसूली जाएगी।

दुकानदारों के लिए कड़े नियम

सभी दुकानदारों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के लिए डस्टबिन रखना अनिवार्य कर दिया गया है। कचरा केवल निर्धारित कचरा वाहन को ही दें। सड़क,नाली या सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने पर भारी चालान काटा जाएगा। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के लिए प्रशासन ने अर्थदंड की राशि तय कर दी है।

सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फैलानाः 500
सड़क पर ठोस कचरा फेंकनाः श्रेणी के अनुसार 200 या 500
प्लास्टिक कचरा प्रबंधन नियमों का उल्लंघनः 250 खुले में मलत्याग/पेशाब करनाः क्रमशः 1,000 और 750

सार्वजनिक स्थानों पर थूकनाः 300

कचरा जलानाः 500 या सफाई का वास्तविक खर्च
सीवरेज सिस्टम को अवरुद्ध करनाः 750 उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बाजारों और सार्वजनिक स्थलों का नियमित निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

जन संवाद में 48 आवेदनों की हुई सुनवाई, सीएम हेल्पलाइन के लंबित 6660 प्रकरणों का निराकरण



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान-चित्रकूट विकास प्राधिकरण के सभागार में संपन्न



सतना। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को सतना जिले के चित्रकूट नगर पंचायत के अंतर्गत चित्रकूट विकास प्राधिकरण के सभागार में जन संवाद,जनसुनवाई,उद्योग संवाद की गतिविधियों के साथ आयोजित किया गया। इस मौके पर प्रत्यक्ष जनसुनवाई में 48 आवेदनों की समस्यायें सुनी गई तथा जनपद पंचायत मझगवां के अंतर्गत आयोजित इस द्वितीय शिविर में अभियान के पूर्व की लंबित 8326 कुल सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों में से 6660 शिकायतों का अभियान के दौरान निराकरण किया गया। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह,नगर पंचायत अध्यक्ष साधना पटेल,जिला विकास समिति के सदस्य ओमप्रकाश शर्मा,प्रबल श्रीवास्तव, एसडीएम महिपाल सिंह गुर्जर,डिप्टी कलेक्टर संदीप परस्ते,सीएमओ नगर परिषद अंकित सोनी सहित जिला विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। चित्रकूट विकास प्राधिकरण के सभागार में कलेक्टर एसपी सहित विभाग प्रमुख अधिकारियों ने आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निराकरण की कार्यवाही की। विभागीय अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का निराकरण किया। कलेक्टर ने स्थानीय स्तर पर जनसुनवाई में आये लोगों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। अभियान के दौरान सभी विभागों ने उनके यहां लंबित सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का मौके पर संतुष्टिपूर्ण निराकरण की कार्यवाही की। जनसुनवाई में 48 आवेदकों की समस्यायें सुनी गई और अभियान के पूर्व से लंबित 6660 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों का निराकरण विभागीय अधिकारियों द्वारा किया गया। अभियान के पूर्व जनपद पंचायत मझगवां क्षेत्र में सभी विभागों की कुल 8326 सीएम हेल्पलाइन की शिकायतें लंबित थी। जिनमें 6660 शिकायतों की अभियान के दौरान निराकरण के पश्चात 1666 शिकायतें शेष रही है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शिविर के दौरान कलेक्टर ने चित्रकूट में 6 नवम्बर से 10 नवम्बर तक लगने वाले पांच दिवसीय दीपावली मेले की तैयारियों के संबंध में अधिकारियों द्वारा अब तक की गई कार्यवाहियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि शिविर के पश्चात सभी विभाग प्रमुख अधिकारी उन्हें दीपावली मेले से संबंधित सौपे गये उत्तरदायित्वों और कार्य स्थलों का निरीक्षण कर आवश्यक तैयारियों पर फोकस करें। इस दौरान कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग पंकज खडारी और एसडीओ अभिषेक अहिरवार को मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर में अनुपस्थित रहने पर एक दिवस का वेतन काटने के निर्देश दिये। इसी प्रकार मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मझगवां राहुल पाण्डेय की विलंब से उपस्थिति पर अप्रसन्नता प्रकट की।

कलेक्टर ने किया परिक्रमा पथ और हनुमानधारा का निरीक्षण

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के शिविर के पश्चात कलेक्टर डॉ.सतीश कुमार एस,पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह ने संबंधित अधिकारियों के साथ चित्रकूट में दीपावली मेला की तैयारियों के दृष्टिगत परिक्रमा पथ,हनुमानधारा सहित विभिन्न स्थलों एवं पार्किंग के चिन्हांकित स्थानों का निरीक्षण किया। परिक्रमा पथ के निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधीक्षण यंत्री विद्युत वितरण कंपनी को लंका तिराहे से गौरिहार मंदिर और गौरिहार मंदिर से प्राचीन मुखार बिन्द पीली कोठी तक मध्यप्रदेश भाग के सम्पूर्ण के परिक्रमा पथ के विद्युत पोलो पर प्लास्टिक पाइप लगाने और इस बीच पडने वाले ट्रांसफार्मरों में सुरक्षात्मक कार्यवाहियां शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और सीएमओ नगर पंचायत को परिक्रमा मार्ग में पेयजल के पाइपलाइन चेक करने और पेयजल की व्यवस्था और स्टैण्ड पोस्ट लगाने की कार्यवाही शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिये। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास को खोया पाया केन्द्र और कन्ट्रोल रूम संबंधी आवश्यक व्यवस्थायें पूरी करने के निर्देश दिये।जिला आपूर्ति अधिकारी को दुकानों के वस्तुओं के रेट निर्धारण घरेलु सिलेण्डरों का व्यवसायिक उपयोग को रोकने और खाद्य सुरक्षा के अधिकारियों को मिष्ठान एवं खाद्य पदार्थो की जांच की कार्यवाही अभी से प्रारंभ करने के निर्देश दिये गये। कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने हनुमान धारा का भी निरीक्षण कर श्रद्धालु के लिए आवागमन के लिए की गई सुगम व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

खबर संक्षेप

नगर निरीक्षक विदाई समारोह हर्ष उल्लास के साथ हुआ सम्पन्न



अमानगंज। सरस्वती शिशु मंदिर अमानगंज में नगर के व्यापारी समाजसेवी प्रतिनिधियों ने नगर निरीक्षक हेमंत नायक का बिदाई समारोह रखा जिसमें फूल मालाओं रोली लगाकर अभिवादन किया एवं उनके कार्यकाल को याद करते हुए नगर लोगो ने भाव व्यक्त किए एवं अग्रिम कार्यकाल की शुभकामनाएं दी कहते हैं कि दिल जीतने के लिए सालों की नहीं, बल्कि साफ नीयत और सेवा भावना की जरूरत होती है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है पन्ना जिले के थाना अमानगंज से पन्ना थाना कोतवाली में तैनात हुए पुलिस निरीक्षक हेमंत नायक ने। थाना अमानगंज महज ४४ दिनों के बेहद छोटे कार्यकाल में उन्होंने न सिर्फ क्षेत्र की कानून व्यवस्था को सुधारा, बल्कि अपनी कार्यशैली से आम जनता के दिलों में एक खास जगह बना ली। कल जब उनके स्थानांतरण के बाद विदाई समारोह का आयोजन हुआ, तो उपस्थित जनसैलाब की आँखें नम हो गईं। जनता और सहकर्मियों ने बरसाया प्यार.. फूल माला के साथ थाना परिसर में आयोजित विदाई एवं मिलन समारोह के दौरान विदाई की बेला बेहद भावुक कर देने वाली थी। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने निरीक्षक हेमंत नायक को फूल मालाओं से लाद दिया। लोगों ने कहा कि अपने ४४ दिनों के कार्यकाल के दौरान उन्होंने कभी भी किसी फरियादी को निराश नहीं लौटने दिया। इस मौके पर उनके अधीनस्थ पुलिस कर्मियों और सहकर्मियों ने भी उनके साथ बिताए दिनों को याद किया। साथी पुलिसकर्मियों ने बताया कि निरीक्षक हेमंत नायक ने न केवल एक अधिकारी बल्कि एक कुशल मार्गदर्शक के रूप में टीम का नेतृत्व किया। विदाई के समय पुलिस स्टाफ और स्थानीय लोगों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य के लिए ढेरों शुभकामनाएं दीं।

बुजुर्ग दादा के साथ 6 साल का मासूम तीन महीने से काट रहा डाकघर के चक्कर, नहीं बन रहा आधार कार्ड

पन्ना। डिजिटल इंडिया के इस दौर में एक 6 वर्षीय मासूम बच्चे को अपना आधार कार्ड बनवाने के लिए व्यवस्था की क्रूरता और कर्मचारियों की बेरुखी का सामना करना पड़ रहा है। मामला गुनौर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बाहिरासर का है, जहां का निवासी 6 वर्षीय मासूम कार्तिक (पिता स्वर्गीय शिव कुमार बढ़ई) पिछले तीन महीनों से आधार कार्ड बनवाने के लिए दर-दर की ठोकरें खा रहा है। कार्तिक के सिर से पिता का साया पहले ही उठ चुका है और मां उसे छोड़कर दूसरा विवाह कर चुकी है। इस समय कार्तिक अपने 75 वर्षीय वृद्ध दादा भवानी दीन बढ़ई और अपनी वृद्ध दादी के सहारे जीवन बसर कर रहा है।

भक्ति रस में सराबोर हुआ मंदिरों का शहर पन्ना

प्राचीन खेजड़ा मंदिर से निकली श्री जी की भव्य सवारी, साधु-संतों के साथ देश-विदेश से पहुंचे हजारों सुंदरसाथ

जगह-जगह आरती, पुष्पवर्षा और श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत, जयकारों से गूंजा नगर



पन्ना। भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक उल्लास से सराबोर मंदिरों के शहर पन्ना में शुक्रवार शाम आस्था का अनुपम दृश्य देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय शरद पूर्णिमा महोत्सव के पावन अवसर पर प्राचीन खेजड़ा मंदिर से अखंड मुक्तिदाता महामति श्री प्राणनाथ जी की भव्य सवारी निकाली गई। सवारी में देश-विदेश से आए हजारों सुंदरसाथ के साथ साधु-संतों ने सहभागिता की।

भजन-कीर्तन, जयकारों और श्री जी के जयघोष से पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। शुक्रवार शाम पांच बजे खेजड़ा मंदिर से विधि-विधान एवं धार्मिक परंपराओं के साथ श्री जी की सवारी प्रारंभ हुई। दिव्य सवारी के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह दिखाई दिया। गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों से सुंदरसाथ पन्ना पहुंचे। वहीं अमेरिका, कनाडा और नेपाल सहित विदेशों से आए श्रद्धालुओं ने भी सवारी में शामिल होकर अपनी श्रद्धा और भक्ति अर्पित की। साधु-संतों की उपस्थिति ने आयोजन की आध्यात्मिक गरिमा को और बढ़ा दिया।

जगह-जगह आरती और पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत'

श्री जी की सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से आगे बढ़ी तो जगह-जगह श्रद्धालुओं और नगरवासियों ने भव्य स्वागत किया। लोगों ने अपने घरों और प्रतिष्ठानों के सामने आरती उतारकर श्री जी के प्रति श्रद्धा प्रकट की। पुष्पवर्षा कर सवारी का अभिनंदन किया गया। देश-विदेश से आए सुंदरसाथ का भी आत्मीय स्वागत किया गया। भक्ति गीतों पर झूमते श्रद्धालु और श्री जी के जयकारे लगाते भक्त नगर के धार्मिक वातावरण को और अधिक भावमय बनाते रहे।



सद्गुरु के सम्मान और समर्पण का प्रतीक है तेरस की सवारी'

पन्ना में श्री जी की तेरस की सवारी का धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व है। प्रणामी धर्म की परंपरा में इसे सद्गुरु महामति श्री प्राणनाथ जी के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और समर्पण प्रकट करने का विशेष अवसर माना जाता है। मान्यता है कि बुंदेलखंड केशरी महाराजा छत्रसाल ने सद्गुरु के सम्मान में इस परंपरा का शुभारंभ किया था। तभी से यह आयोजन शरद पूर्णिमा महोत्सव की प्रमुख धार्मिक परंपराओं में शामिल है। श्री जी की यह भव्य सवारी श्रद्धालुओं के लिए केवल एक शोभायात्रा नहीं, बल्कि गुरु-भक्ति, आध्यात्मिक चेतना और प्रेम-सद्भाव का जीवंत उत्सव है। इस अवसर पर पन्ना की धरती देश-विदेश से आए सुंदरसाथ की श्रद्धा से सराबोर नजर आई।



छत्रसाल शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 'जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद' कार्यशाला संपन्न



पन्ना। छत्रसाल शासकीय अग्रणी स्नातकोत्तर महाविद्यालय पन्ना में पुलिस विभाग एवं उच्च शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन के संयुक्त तत्वावधान तथा स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के सहयोग से एक दिवसीय कार्यशाला ष्जन सुरक्षा युवा सृजन संवाद का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दोपहर 12:00 बजे अतिथियों के स्वागत, परिचय एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, मंच संचालन सुश्री मनीषा शर्मा एवं डॉ. अमरजीत साहू द्वारा किया गया। इसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. के. वर्मा ने कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए विषय की महत्ता पर प्रकाश डाला। प्रशासनिक अधिकारी डॉ. पी. पी. मिश्रा ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर्स डॉ. अमरजीत साहू एवं सुश्री मनीषा शर्मा ने जिम्मेदार नागरिकता, नशामुक्ति एवं सामाजिक उत्तरदायित्व पर विचार रखे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान ने पुलिस व्यवस्था एवं हेल्पलाइन 112, डीएसपी अजाक पन्ना अरविंद सिंह दांगी ने महिला एवं बाल सुरक्षा तथा कानूनी अधिकारों, रक्षित निरीक्षक पन्ना आदित्य मिश्रा ने यातायात नियमों एवं सड़क सुरक्षा एवं साइबर सेल शाखा पन्ना से प्र.आर. आशीष अवस्थी ने साइबर अपराधों से बचाव एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी की रिपोर्टिंग के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। व्याख्यान सत्रों के बाद विद्यार्थियों एवं संसाधन व्यक्तियों के मध्य खुली परिचर्चा और प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में दोपहर 3रू00 बजे के बाद विद्यार्थियों को पुलिस थाने में शैक्षणिक भ्रमण हेतु थाना कोतवाली पन्ना में पुलिस की दैनिक कार्यप्रणाली, एफआईआर (थ्ब्त्) प्रक्रिया, लॉकअप व्यवस्था तथा पुलिस बल के कार्यों को प्रत्यक्ष रूप से समझने का अवसर मिला। साथ ही विद्यार्थियों को 'पुलिस कन्ट्रोल रूम एवं रेडियो शाखा का भ्रमण कराया गया जहाँ पर विद्यार्थियों को 'डायल 112' एवं सी सी टी व्ही कन्ट्रोल रूम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं डायल 112 वाहन के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक, पुलिस अधिकारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

हुनर बना पहचान, जेके सीमेंट की 'उड़ान' योजना से पन्ना में 350 महिलाओं की जिंदगी में आई नई रोशनी



निःशुल्क प्रशिक्षण ने बदली तकदीर, सिलाई और ब्यूटी पार्लर से आत्मनिर्भर बन रही हैं महिलाएं

प्रतिमाह 5,000 से 15,000 तक की कमाई कर परिवार को दे रही हैं आर्थिक संबल

अमानगंज। कहते हैं कि यदि इरादे मजबूत हों और सही समय पर सही मार्गदर्शन मिल जाए, तो हर चुनौती को अवसर में बदला जा सकता है। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में आज कुछ ऐसा ही प्रेरणादायक बदलाव देखने को मिल रहा है। कभी रोजगार की तलाश में भटकने वाले हाथ आज अपनी मेहनत और हुनर के दम पर आत्मनिर्भरता की नई इबारत लिख रहे हैं। जेके सीमेंट के सहयोग से संचालित 'उड़ान कौशल विकास केंद्र' ने पन्ना की महिलाओं और युवाओं के लिए सफलता के नए द्वार खोल दिए हैं।

इस अनूठी पहल के माध्यम से अब तक लगभग 350 लोगों को निःशुल्क और उच्चस्तरीय प्रशिक्षण देकर हुनरमंद बनाया जा चुका है। सफलता की उड़ानरू 350 लोगों को मिला आत्मनिर्भरता का संबल 'उड़ान कौशल विकास केंद्र' ग्रामीण और स्थानीय स्तर पर कौशल विकास का एक सशक्त केंद्र बनकर उभरा है। इस केंद्र के जरिए लगभग 175 लोगों ने ब्यूटी पार्लर एवं ब्यूटीशियन कोर्स में महारत हासिल की। लगभग 175 लोगों ने सिलाई-कढ़ाई का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इन हुनरमंद लोगों ने रुकने के बजाय अपने पैरों पर खड़े होने का फैसला किया। आज कई महिलाओं ने अपने खुद के ब्यूटी पार्लर खोल लिए हैं, तो वहीं सिलाई का प्रशिक्षण लेने वाली महिलाएं घर से ही बेहतरीन ऑर्डर लेकर कपड़े सिल रही हैं और अपनी आय अर्जित कर रही हैं।

आर्थिक आज़ादी और बढ़ता आत्मविश्वास

इस पहल से जुड़ने वाली महिलाएं आज किसी पर निर्भर नहीं हैं। वे अपनी मेहनत के बूते प्रतिमाह 5,000 से 15,000 तक की शानदार कमाई कर रही हैं। यह सिर्फ पैसों की बात नहीं है, बल्कि यह उन महिलाओं के आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की जीत है, जो अब अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने में अहम भूमिका निभा रही हैं। प्रशिक्षणार्थियों का कहना है कि यह कोर्स उनके लिए सिर्फ एक ट्रेनिंग नहीं, बल्कि उनकी पूरी जिंदगी की दिशा बदलने वाला टर्निंग पॉइंट साबित हुआ है।

जेके सीमेंट की पहल, एक मजबूत और आत्मनिर्भर समाज की ओर कदम

350 से अधिक लोगों के जीवन में आया यह उजाला इस बात का गवाह है कि कौशल विकास और सामाजिक सशक्तिकरण की यह दिशा आने वाले समय में और भी कई जिंदगियों को रोशन करने वाली है। पन्ना की इन हुनरमंद महिलाओं की सफलता आज हर उस शख्स के लिए प्रेरणा है, जो जीवन में कुछ कर गुजरने की इच्छा रखता है।

जगदीश स्वामी मंदिर में 23 से 27 अक्टूबर तक बहेगी रामकथा की रसधार



अयोध्याधाम के पं. राजेंद्र पाठक और झांसी की विदुषी नीलम गायत्री जी के श्रीमुख से होगी मानस की अमृतवर्षा, पांच दिवसीय सम्मेलन में धर्मप्रेमी परिवारों को आमंत्रण

पवई। भगवान श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा और भारतीय संस्कृति की सीख जन-जन तक पहुंचाने की परंपरा पवई नगर में श्रीरामचरित मानस समिति के विशेष प्रयासों से पांच दशक से अधिक समय से निरंतर चली आ रही है। इसी धार्मिक परंपरा के तहत 23 से 27 अक्टूबर तक नगर के प्रसिद्ध जगदीश स्वामी मंदिर में पांच दिवसीय श्रीरामचरितमानस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इसमें अयोध्याधाम से पधारे पं. राजेंद्र पाठक और झांसी से आईं विदुषी नीलम गायत्री जी की मधुर वाणी से श्रद्धालु रामकथा और मानस के प्रसंगों का श्रवण करेंगे।

प्रतिदिन शाम 7 से रात 10:30 बजे तक होंगे प्रवचन-

सम्मेलन के दौरान प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात 10रू30 बजे तक श्रीरामचरितमानस पर आधारित प्रवचन और व्याख्यान होंगे। वक्ता मानस के विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से भगवान श्रीराम के जीवन, आदर्शों, कर्तव्यनिष्ठा, पारिवारिक संस्कारों और मर्यादित जीवन के महत्व पर प्रकाश डालेंगे। रामचरितमानस में निहित लोककल्याण, सामाजिक सद्भाव और नैतिक मूल्यों के संदेश भी श्रोताओं तक पहुंचाए जाएंगे।

पांच दशक से अधिक समय से कायम है परंपरा-

पवई नगर में श्रीरामचरितमानस सम्मेलन केवल धार्मिक आयोजन ही नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति और पारिवारिक संस्कारों को सहेजने का माध्यम भी रहा है। वर्षों से मानस के मर्मज्ञों, विद्वानों और संतों के प्रवचनों के माध्यम से लोगों को भगवान श्रीराम के आदर्शों से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाने में नगर के जागरूक नागरिकों, बुद्धिजीवियों और युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

आयोजन की जानकारी देते हुए मानस समिति के अध्यक्ष बृजेश कुमार नगायच ने बताया कि पांच दिवसीय सम्मेलन में पवई नगर सहित आसपास के क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं को रामचरितमानस के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेशों का लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं और परिवारों से सम्मेलन में शामिल होकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

शरद पूर्णिमा महोत्सव के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा में निजानंद संप्रदाय के योगदान पर हुआ व्याख्यान, सुन्दरसाथों को दिया गया धार्मिक उपदेश





निजानंद दर्शन पुस्तक का विमोचन, विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण, अगले माह होगी परीक्षा

पन्ना। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस छत्रसाल शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पन्ना में प्राचार्य डॉ. जे.के. वर्मा के संरक्षण में 'भारतीय ज्ञान परंपरा में निजानंद संप्रदाय का योगदान' विषय पर प्रेरणादायी कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश भाई पटेल, उपाध्यक्ष दया कृष्ण दुबे एवं सचिव प्रेम किशोर शर्मा उपस्थित रहे।

अमेरिका से आए प्राणनाथ वैश्विक चेतना अभियान के मनु भाई ए. पटेल ने मुख्य वक्ता के रूप में विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत से हुआ। इसके बाद विजय शर्मा ने महाराजा छत्रसाल के व्यक्तित्व एवं वीरता पर आधारित गीत प्रस्तुत कर वातावरण को ओजपूर्ण बना दिया।

निजानंद दर्शन और जीवन मूल्यों पर दिया जोर

मुख्य वक्ता मनु भाई ए. पटेल ने भारतीय ज्ञान परंपरा में निजानंद संप्रदाय के योगदान पर प्रकाश डालते हुए निजानंद दर्शन की मूल भावना, आत्मिक चेतना, आंतरिक आनंद, सकारात्मक चिंतन एवं जीवन मूल्यों की महत्ता समझाई। उन्होंने विद्यार्थियों को श्रेष्ठ विचार अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जित करना नहीं, बल्कि व्यक्ति के आचरण, विचार और जीवन दृष्टि को समृद्ध बनाना भी है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के. वर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं से जोड़ने के साथ उनके व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से ज्ञान के साथ संस्कारों को भी महत्व देने का आह्वान किया।

महामति प्राणनाथ जी के विचारों से दिया एकता का संदेश

श्री 108 प्राणनाथ जी मंदिर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष दया कृष्ण दुबे ने महामति प्राणनाथ जी के विचारों पर प्रकाश डालते हुए कौमी एकता, सामाजिक समानता, मानवता और सेवा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महामति प्राणनाथ जी की शिक्षाएं समाज में आपसी प्रेम, सद्भाव और भेदभाव से ऊपर उठकर सभी को समान दृष्टि से देखने की प्रेरणा देती हैं। उनके विचार आज भी सामाजिक समरसता और एकता के लिए प्रासंगिक हैं।

पुस्तक पर आधारित परीक्षा में मिलेंगे पुरस्कार

कार्यक्रम में 'निजानंद दर्शन' पुस्तक का विमोचन किया गया तथा विद्यार्थियों को पुस्तकें वितरित की गईं। विद्यार्थियों में पुस्तक अध्ययन के प्रति रुचि विकसित करने और निजानंद दर्शन के विचारों से परिचित कराने के उद्देश्य से आगामी माह में पुस्तक पर आधारित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. बी.एन. जायसवाल, डॉ. राजेश पटेल, डॉ. सतीश त्रिपाठी, डॉ. आभाष तिवारी, डॉ. रावेन्द्र पाठक, डॉ. प्रशांत चौबे, डॉ. संजय सोनी, डॉ. अरविंद तिवारी, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. पुष्पा त्रिपाठी, सुश्री वैशाली रजक, डॉ. रिंकू सिंह, डॉ. सावित्री गर्ग, डॉ. पुनीत दुबे, डॉ. मनमोहन तिवारी, सूरज पटेल, विक्रम लोध सहित महाविद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन डॉ. पियूषा शर्मा ने किया। अंत में ट्रस्ट अध्यक्ष महेश भाई पटेल ने अतिथियों, प्राचार्य, प्राध्यापकों, विद्यार्थियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। यह आयोजन भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण, निजानंद संप्रदाय के विचारों के प्रचार-प्रसार तथा विद्यार्थियों में समानता, सद्भाव, सेवा और सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने की दिशा में सार्थक पहल रहा।

खबर संक्षेप

जुआ खेल रहे 12 जुआरी गिरफ्तार, 35 हजार रुपये और दो बाईक बरामद

छतरपुर। जिले क़े थाना महाराजपुर पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए बस स्टैंड के पीछे एक जुए के फड़ पर छापा मारा। पुलिस ने मौके से ताश के पत्तों पर दांव लगा रहे 12 जुआरियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 35,700 रुपये की नकद राशि और दो मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं, जिनकी कुल कीमत करीब 1 लाख 20 हजार रुपये आंकी गई है। गुप्त सूचना के आधार पर हुई इस कार्रवाई के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, पुलिस टीम को रात्रि गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि कस्बे के बस स्टैंड के पीछे पीपल के पेड़ के पास कुछ लोग अवैध रूप से जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस बल ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और वहां जुआ खेल रहे 12 आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान ऋषभ, दिलीप चौरसिया, अरविन्द उर्फ पप्पू, पंकज, शिवम उर्फ शुभम उर्फ बम्बईया, नीलेश पाठक (निवासी नैगुवाँ), मनोज, भूपेन्द्र उर्फ शिवम, अमन, धर्मेन्द्र, सुमित लल्ला उर्फ विजय सिंह और राहुल के रूप में हुई है, जो अधिकांशतः महाराजपुर के ही रहने वाले हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के विरुद्ध पब्लिक गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की विधिवत कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई को एसडीओपी खजुराहो मनमोहन सिंह बघेल के मार्गदर्शन और थाना प्रभारी महाराजपुर निरीक्षक अजय अंबे के नेतृत्व में अंजाम दिया गया, जिसमें प्रधान आरक्षक प्रदीप निगम, आरक्षक जयकुमार, ओमप्रकाश और अवधेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

स्कूल से लौट रहे 9 वर्षीय बच्चे को बंदर ने काटा

तेंदूखेड़ा। नगर में बंदरों के आतंक से लोग परेशान हैं गुरुवार शाम वार्ड 2 में स्कूल से घर लौट रहे 9 वर्षीय बच्चे पर बंदर ने हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 2 निवासी पार्वती केवट ने थाने में सूचना दी कि उनका 9 वर्षीय बेटा दीपेंद्र केवट सरस्वती स्कूल में पढ़ता है। गुरुवार शाम करीब 4 बजे तारादेही रोड पर स्कूल से घर लौटते समय एक बंदर ने उसके बाएं हाथ में काट लिया, जिससे खून निकलने लगा। स्कूल शिक्षिका ने फोन पर परिजनों को घटना की सूचना दी, जिसके बाद मां बच्चे को अस्पताल लेकर पहुंची स्थानीय लोगों के अनुसार वार्ड क्रमांक 11 और 12 में पिछले दो साल से बंदरों के झुंड ने आतंक मचा रखा है लोगों एवं खासकर बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है एक बार बंदरों को पकड़ने के लिए मथुरा से टीम भी बुलाई गई थी, लेकिन वह भी पकड़ने में नाकाम रही। रहवासियों ने विभाग से प्रभावी अभियान चलाकर स्थायी समाधान की मांग की है।

शादी के डेढ़ साल बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत

परिजनों ने जताई मारपीट की आशंका, निष्पक्ष जांच की मांग



छतरपुर। जिले के चंदला थाना क्षेत्र अंतर्गत बरिया पुरवा गांव में एक 21 वर्षीय नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मृतिका उर्मिला यादव (पति जयकरण यादव) के परिजनों ने बेटी के साथ मारपीट किए जाने की आशंका जताते हुए निष्पक्ष पुलिस जांच की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पन्ना जिले के अजयगढ़ थाना क्षेत्र के बघा झीना गांव निवासी लल्लू यादव की बेटी उर्मिला का विवाह करीब डेढ़ वर्ष पूर्व बरिया पुरवा निवासी जयकरण यादव से हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। मृतिका के पिता ने बताया कि घटना की रात करीब 8 बजे उनकी बेटी से फोन पर सामान्य बातचीत हुई थी। इसके बाद रात लगभग 12 बजे ससुराल पक्ष का फोन आया जिसमें उर्मिला की तबीयत खराब होने और जिला अस्पताल छतरपुर पहुंचने की बात कही गई। परिजन जब अस्पताल पहुंचे तो उर्मिला मृत अवस्था में मिली। पिता लल्लू यादव का कहना है कि रात 8 बजे बेटी से बात होने के महज चार घंटे बाद उसकी मौत की खबर मिलना कई गंभीर सवाल खड़े करता है। परिजनों ने आशंका जताई है कि उर्मिला के साथ मारपीट की गई, जिससे उसकी जान चली गई। मृतिका के परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा किया जाए और दोषियों पर सख्त कानूनी कार्रवाई कर न्याय दिलाया जाए। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

लावारिस वृद्ध महिला को मिला निर्वाना फाउण्डेशन का सहारा, देरी तिराहे पर कचरा बीनकर कर रही थी जीवन यापन

छतरपुर। देरी तिराहा के पास पिछले कई दिनों से लावारिस हालत में घूम रही एक वृद्ध महिला को आखिरकार निर्वाना फाउण्डेशन का सहारा मिल गया है। संस्था द्वारा महिला को फाउण्डेशन में आश्रय देकर एक नया जीवन प्रदान किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए निर्वाना फाउण्डेशन के संजय सिंह ने बताया कि देरी तिगड्डा के पास एक वृद्ध महिला के बीते 5 दिनों से लावारिस घूमने की सूचना मिली थी। सूचना मिलने के बाद फाउण्डेशन की टीम ने मौके पर पहुंचकर महिला को ढूंढने का प्रयास किया, लेकिन वह वहां नहीं मिली। शुक्रवार को फाउण्डेशन की टीम जब दोबारा पहुंची तो वृद्ध महिला वहीं मिल गई।संजय सिंह ने बताया कि महिला कचरा बीनकर उसी पर सो जाया करती थी और आसपास से मिला बचा-खुचा खाना खाकर किसी तरह अपना जीवन यापन कर रही थी। स्थिति को देखते हुए फाउण्डेशन की टीम महिला को अपने साथ निर्वाना फाउण्डेशन ले गई। वहां महिला को सुरक्षित रहने का स्थान देने के साथ ही स्वादिष्ट एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया गया है। फाउण्डेशन का कहना है कि महिला को संस्था में नया जीवन और बेहतर देखभाल मिलेगी।



बुजुर्ग महिलाओं समेत चार घायल, जिला अस्पताल में इलाज जारी

नाति पर ऊपरी चक्कर के संदेह को लेकर परिजनों में खूनी संघर्ष लाठी-डंडों से हमला



छतरपुर। जिले क़े बड़ामलहरा नगर के वार्ड क्रमांक 9, जोशी मोहल्ला में नाति पर ऊपरी चक्कर के संदेह को लेकर दो पक्षों में विवाद इतना बढ़ा कि भतीजे और भाई ने मिलकर परिवार के ही बुजुर्गों पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस मारपीट में दो बुजुर्ग महिलाओं सहित परिवार के चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। घायलों का उपचार जिला अस्पताल में जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित लखनलाल जोशी 55 वर्ष ने बताया कि उनके नाति पर ऊपरी हवा या जादू-टोने का संदेह था। उन्होंने इस संबंध में घर के बाहर किसी से बात की थी। इसी बात से नाराज होकर घर के ही भतीजे राजेश जोशी और भाई मुन्नालाल जोशी ने परसों घर के बाहर विवाद शुरू कर दिया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दोनों आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

चारों घायलों को जिला अस्पताल किया रेफर

हमले में लखनलाल जोशी 55 वर्ष, उनके पिता रामलाल जोशी 80 वर्ष, माता कस्तूरी बाई जोशी 75 वर्ष और जयकुमारी जोशी पति रामकिशोर जोशी 35 वर्ष गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने बड़ामलहरा थाने में शिकायत दर्ज कराई। प्राथमिक इलाज के लिए सभी घायलों को बड़ामलहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ से उनकी गंभीर हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जाँच कर रही है।

तेज रफ्तार ट्रेक्टर पलटने से 15 वर्षीय किशोरी की मौत, परिवार में मातम



छतरपुर। जिले क़े सटई थाना क्षेत्र के सिलावट गांव में एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई और ट्रैक्टर चालक मामूली रूप से घायल हो गए। हादसा उस वक्त हुआ जब दो भाई मूंगफली की कटाई के लिए खेत जा रहे थे। मृतक के पिता ने ट्रैक्टर चालक पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया है।

जानकारी के अनुसार, सिलावट निवासी किसान रामस्वरूप पाल का 15 वर्षीय पुत्र उमेश पाल अपने बड़े भाई भगवत पाल के साथ राम पाल द्वारा चलाए जा रहे ट्रैक्टर पर सवार होकर खेत की ओर जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों के अनुसार, ट्रैक्टर की गति काफी तेज थी। इस पर सवार भाइयों ने चालक राम पाल से रफ्तार धीमी करने या ट्रैक्टर रोककर नीचे उतारने को भी कहा, लेकिन उसने बात नहीं मानी।

रात करीब 8:30 बजे अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर सड़क किनारे पटरी से नीचे उतरकर पलट गया। इस हादसे में उमेश पाल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि भगवत पाल और चालक राम पाल को हल्की चोटें आईं। हादसे के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक के पिता ने आरोपी चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

परिवार के साथ दो बार मारपीट का आरोप

एसपी कार्यालय पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार

अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद फिर हमला करने का आरोप, पीड़ित परिवार ने मांगी सुरक्षा



छतरपुर।

जिले के गढ़ीमलहरा थाना क्षेत्र के ग्राम सिंदुरखी में मारपीट का गंभीर मामला सामने आया है। शुक्रवार, 23 अक्टूबर को दोपहर करीब 3 बजे पीड़ित परिवार पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई व जान-माल की सुरक्षा की मांग करते हुए शिकायत सौंप दी।

शिकायतकर्ता विनोद अहिरवार के अनुसार, 21 अक्टूबर 2026 की रात करीब 9 बजे गांव के कुछ लोगों ने उनके भाई हरगोविंद अहिरवार, मां राधा अहिरवार, पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कथित तौर पर लाठी-डंडों से मारपीट की। घटना के बाद घायलों को जिला अस्पताल छतरपुर में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार हुआ।

आरोप है कि अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद जब परिवार के सदस्य गांव लौट रहे थे, तभी दूसरे पक्ष के कुछ लोगों ने दोबारा लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इसके बाद डायल 112 की मदद से घायलों को फिर जिला अस्पताल पहुंचाया गया। शिकायत में गंभीर चोटें और फ्रैक्चर होने की बात भी कही गई है।

विनोद अहिरवार ने आरोप लगाया कि आरोपी परिवार को शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से आरोपियों की गिरफ्तारी, निष्पक्ष जांच और परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की

शौच के लिए जा रहे जीजा-साले पर लाठी-डंडों और हथियारों से हमला

मूंगफली तुड़वाने बुलाने पर हुआ था पुराना विवाद

छतरपुर।

जिले क़े ईशानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बोड़ा गांव में शुक्रवार की सुबह आपसी रंजिश के चलते एक बड़ी मारपीट का मामला सामने आया है। शराब के नशे में हुई पुरानी गाली-गलौज की बात को लेकर दबंगों ने रास्ते में घेरकर जीजा और साले पर लाठी-डंडों, बंदूक और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला कर दिया। इस घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं, जिन्हें पहले स्थानीय थाने ले जाया गया और फिर हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मोनू बंशल (उम्र 26 वर्ष, पिता दिब्बू बंशल) निवासी बोड़ा, ईशानगर थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। उनके जीजा सुनील बंशल (उम्र 27 वर्ष, पिता सुल्लु बंशल) निवासी धौरी, ओरछा रोड थाना क्षेत्र के हैं। घटना से एक दिन पहले साले मोनू को जीजा सुनील ने मूंगफली तुड़वाने के अपने गांव बुलाया था। परिजनों और घायलों से मिली जानकारी के मुताबिक, बीते रोज शराब के नशे में किसी बात को लेकर गाली-गलौज का विवाद हुआ था। इसी रंजिश को दिल में पाले बैठे आरोपियों ने शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे इस वारदात को अंजाम दिया। जब जीजा और साले सुबह के समय शौचक्रिया के लिए जा रहे थे, तभी रास्ते में आरोपियों ने उन्हें रोक लिया।



लाठी-डंडे, बंदूक और चाकी से लैस थे हमलावर

हमलावरों के हाथ में लाठी-डंडे, बंदूक और धारदार हथियार मौजूद थे। आरोप है कि अरुण बंशल, मनोज बंशल, कारी बंशल, अजय बंशल, वरुण बंशल, जीवन बंशल और अमर बंशल ने मिलकर दोनों पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए इस जानलेवा हमले से गांव में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के तुरंत बाद पीड़ित पक्ष पहले थाने पहुंचा, जहां से पुलिस ने कागजी प्रक्रिया और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दोनों घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और घायलों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।

बकस्वाहा थाने से भागा दुष्कर्म का आरोपी राजस्थान से गिरफ्तार

पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



बकस्वाहा।

बकस्वाहा थाना परिसर से पुलिस को चकमा देकर फरार हुए दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के आरोपी को पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी भरत लोधी (30), निवासी भड़टोर, को पुलिस ने कड़ी मशक्कत और घेराबंदी के बाद दबोचा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस ने रक्षाबंधन के दिन 29 तारीख को आरोपी भरत लोधी को दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में गिरफ्तार किया था। अगले दिन 30 तारीख को पुलिस उसे न्यायालय में पेश करने की तैयारी में जुटी थी, तभी आरोपी मौका पाकर थाना परिसर से फरार हो गया था। घटना के बाद से ही पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जगह-जगह दबिश दे रही थी। इस दौरान तकनीकी साक्ष्यों और लोकेशन के आधार पर पुलिस को आरोपी के राजस्थान में छिपे होने का सुराग मिला। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रशांत सेन के नेतृत्व में बकस्वाहा पुलिस टीम ने राजस्थान पहुंचकर घेराबंदी की और आरोपी को पुनः गिरफ्तार कर लिया।

पानी भरने को लेकर विवाद:

जान से मारने की धमकी और झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का आरोप

छतरपुर।

जिले के महाराजपुर थाना अंतर्गत वार्ड नंबर 10 निवासी एक पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती आवेदन सौंपकर गांव के कुछ प्रभावशाली लोगों पर घर में घुसकर मारपीट करने, गंभीर चोट पहुँचाने और थाने में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित ने एसपी को आवेदन देकर आरोपियों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



शिकायतकर्ता जितेन्द्र वर्मा ने आवेदन में बताया कि घटना 22 अक्टूबर 2026 की सुबह लगभग 7:50 बजे की है। वह अपने घर के पास नल कनेक्शन से पानी भर रहा था। इसी दौरान पड़ोस के रहने वाले छोटू वर्मा और शिवम वर्मा वहां आए और सुबह के समय पानी भरने को लेकर विवाद करने लगे। आरोपियों ने आवेदक से कहा कि वे यहां पानी क्यों भर रहे हैं, और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। जब आवेदक ने विरोध किया और ऐसा करने से मना किया, तो दोनों आरोपी उग्र हो गए।

पीड़ित के अनुसार विवाद बढ़ने पर आरोपी गंदी-गंदी गालियां देते हुए उसके घर के अंदर घुस आए। छोटू वर्मा के हाथ में डंडा था, जिससे उसने आते ही आवेदक के सिर और माथे पर जोरदार वार कर दिया। इसके बाद लात-घूंसों से भी जमकर मारपीट की गई। शोर सुनकर जब बीच-बचाव करने आवेदक की पत्नी और चाचा जमुना प्रसाद वर्मा आए, तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। छोटू वर्मा और शिवम वर्मा ने जमुना वर्मा को जमीन पर पटक दिया, जिससे उन्हें गले, हाथ और कमर में गंभीर चोटें आईं। इस घटना में पीड़ित और उसके परिजनों को शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोटें लगी हैं। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि आरोपीगण काफी प्रभावशाली हैं और उन्होंने नगर पालिका की आड़ में पुलिस पर अपना प्रभाव इस्तेमाल किया। घटना के बाद आरोपी खुद थाने पहुंचे और अपनी चोट दिखाकर महाराजपुर थाने में दिनांक 22 अक्टूबर 2026 को अपराध क्रमांक 348/2026 के तहत आवेदक पक्ष के विरुद्ध ही झूठा आपराधिक मामला दर्ज करवा दिया। जबकि वास्तविकता यह है कि पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट की घटना घटी थी और वे खुद गंभीर रूप से घायल थे। आरोपियों ने अपनी गलती छुपाने और दबाव बनाने के लिए पुलिस में झूठी रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़ित जितेन्द्र वर्मा ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए आवेदन के माध्यम से मांग की है कि इस पूरे घटनाक्रम की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच कराई जाए।

बक्सवाहा में बिना लाइसेंस संचालित मिल्क कलेक्शन सेंटर पर कार्रवाई, राधा रानी डेयरी शटडाउन



बक्सवाहा।

जिले में खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर मृणाल मीना के निर्देश पर गुरुवार, 22 अक्टूबर को बक्सवाहा में कार्रवाई की गई। राजस्व एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने राधा रानी दूध डेयरी के मिल्क कलेक्शन सेंटर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डेयरी सेंटर बिना वैध लाइसेंस एवं पंजीयन के संचालित पाया गया। इस पर संयुक्त टीम ने तत्काल कार्रवाई करते हुए प्रतिष्ठान को अग्रिम आदेश तक शटडाउन करा दिया। साथ ही, सेंटर से दूध का नमूना लेकर जांच के लिए भेजा गया है। यह कार्रवाई तहसीलदार त्रिलोक सिंह एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी नीतू खरे के संयुक्त नेतृत्व में की गई। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में बिना आवश्यक लाइसेंस के संचालित खाद्य प्रतिष्ठानों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का उद्देश्य खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना और उपभोक्ताओं को सुरक्षित खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराना है।

खबर संक्षेप

महिला के सिरहाने रातभर बैठा रहा 12 फीट लंबा अजगर, सुबह आंख खुली तो उड़ गए होश

रीवा। घर के बेडरूम में सो रही महिला को इस बात का जरा भी अंदाजा नहीं था कि उसके पास ही एक विशालकाय अजगर मौजूद है। रातभर महिला गहरी नींद में सोती रही और करीब 12 फीट लंबा अजगर उसके सिरहाने डेरा जमाए रहा। सुबह करीब 5 बजे जब महिला की नींद खुली और उसने अपने बगल में नजर दौड़ाई, तो सामने का नजारा देखकर उसके होश उड़ गए। बिस्तर के पास विशालकाय अजगर को देखकर महिला घबरा गई। हालांकि, उसने सूझबूझ दिखाते हुए खुद को सुरक्षित किया और परिजनों को इसकी जानकारी दी। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद अजगर को सुरक्षित पकड़ लिया। हैरान कर देने वाली यह घटना जिले के सिरमौर कस्बे के वार्ड क्रमांक 11 की बताई जा रही है। यहां मुंशी प्रेमचंद द्विवेदी के घर में रात के समय एक विशालकाय अजगर घुस आया था। घर के सदस्यों को इसकी भनक तक नहीं लगी। अजगर बेडरूम तक पहुंच गया और सो रही महिला के सिरहाने के पास कुंडली मारकर बैठा रहा। सुबह महिला की आंख खुलने के बाद जब इस अनजान मेहमान का पता चला, तो परिवार में अफरा-तफरी मच गई जानकारी के मुताबिक, महिला रात में अपने कमरे में सो रही थी। सब कुछ सामान्य था और परिवार के किसी सदस्य को इस बात की जानकारी नहीं थी कि कमरे में अजगर मौजूद है। रातभर महिला उसी कमरे में सोती रही। सुबह करीब 5 बजे नींद खुलने पर उसे अपने बगल में किसी चीज की मौजूदगी का अहसास हुआ। जब उसने ध्यान से देखा, तो बिस्तर के पास एक विशालकाय अजगर कुंडली मारे बैठा था। इतने बड़े सांप को इतनी नजदीक देखकर महिला घबरा गई। स्थिति की गंभीरता को समझते हुए उसने शोर-शराबा करने के बजाय सावधानी बरती और तत्काल वहां से हटकर परिजनों को सूचना दी। इसके बाद परिवार के अन्य सदस्य भी कमरे में पहुंचे, लेकिन अजगर को देखकर सभी सहम गए। घर के भीतर मौजूद इस विशालकाय सांप को देखकर किसी की भी उसके नजदीक जाने की हिम्मत नहीं हुई। सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अजगर को पकड़ने के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया। विशालकाय अजगर को सुरक्षित तरीके से पकड़ना आसान नहीं था। टीम ने सावधानी बरतते हुए उसे काबू में किया। काफी मशक्कत के बाद करीब 12 फीट लंबे अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया। इसके बाद परिवार के लोगों ने राहत की सांस ली।

आतिशबाजी पटाखा लाइसेंस सत्यापन के लिए दल गठित

रीवा। कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने आगामी दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी पटाखा लाइसेंस सत्यापन की कार्रवाई हेतु संयुक्त दल गठित किया है। दल में अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग हुजूर, अनुविभागीय अधिकारी गुढ, अनुविभागीय अधिकारी सिरमोर, अनुविभागीय अधिकारी त्यौंथर, अनुविभागीय अधिकारी मनगवां, अनुविभागीय अधिकारी रायपुर कर्चुलियान, नगर पुलिस अधीक्षक शहर 1/2, अनुविभागीय अधिकारी देहात पुलिस तहसील डभौरा, मनगवां, सिरमौर, जवा, त्यौंथर, तहसीलदार हुजूर नगर एवं ग्रामीण, तहसीलदार गुढ, तहसीलदार सिरमौर, तहसीलदार सिरमौर, तहसीलदार रायपुर कर्चुलियान, तहसीलदार मंनगवा, तहसीलदार जवा, तहसीलदार त्यौंथर को शामिल करते हुए संयुक्त दल गठित किया गया है। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने संयुक्त दल में शामिल सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह इस वर्ष अस्थाई आतिशबाजी लाइसेंस धारियो को दुकान चलाने हेतु जिले में स्थित पटाखा/ विस्फोटक विक्रय करने वाली दुकानों में लाइसेंस में दी गई मात्रा से कहीं अधिक पटाखों का भंडारण तो नहीं किया जा रहा है इसकी जांच करेंगे एवं भंडारण हेतु निर्धारित भंडारण स्थल से अन्यत्र भी अवैध रूप से भंडारण किये जाने की जानकारी प्रकाश में आ रही है तत संबंध में भी जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे।

शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से व्यक्ति आत्मनिर्भर हो रहे हैं : उप मुख्यमंत्री

ग्राम पुरवा में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में 158 आवेदनों की हुई सुनवाई

रीवा।

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और आम नागरिकों की समस्याओं का मौके पर निराकरण करने के उद्देश्य से शुक्रवार को रीवा जिले के ग्राम पुरवा में मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आम नागरिकों को योजनाओं का लाभ दिलाकर आत्मनिर्भर बनाना है। मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान भी आपकी सरकार, आपके द्वार की तर्ज पर काम कर रहा है। इसके माध्यम से विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर पहुंचकर लोगों की शिकायतें सुनते हैं और उनका निराकरण करते हैं।

शिविर में कुल 158 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निराकरण कर दिया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को लाभ वितरित किया।उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य पात्र परिवारों को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि देश में अब तक चार करोड़ प्रधानमंत्री आवास बनाए जा चुके हैं, जबकि आगामी समय में तीन करोड़ और आवास बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि हर गांव में पात्र हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आवास जैसी योजनाएं गरीब परिवारों के जीवन में बड़ा बदलाव लाती हैं। पक्का मकान मिलने से परिवारों को सुरक्षित रहने का स्थान मिलता है और उनके जीवन में स्थायित्व आता है। प्रधानमंत्री आवास योजना





के अंतर्गत रजनीश साकेत, मोहन साकेत, पारस सहित पांच हितग्राहियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं। सामाजिक सुरक्षा एवं वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित हितग्राहियों बहादुर प्रताप सिंह, साबरा बी, मोहम्मद शरीफ, मानवती और राम सजीवन पटेल को पेंशन का लाभ वितरित किया गया।

वहीं, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना के तहत अर्पित गुप्ता को आठ लाख रुपये और विवेक सिंह को नौ लाख रुपये की राशि के चेक प्रदान किए गए। इसके अलावा राम सुंदर, राकेश सिंह, कुसुम कली, गीता उपाध्याय, आशा देवी, विमलेश पांडे और रणजीत सिंह को आयुष्मान कार्ड दिए गए। मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में पुलिस अधीक्षक डॉ. गुरकरन सिंह, जनपद सदस्य अर्चना रावत, गणेश सिंह, कामता प्रसाद सिंह, जनप्रतिनिधि मृगेंद्र नाथ त्रिपाठी, राजकुमारी साहू, सरपंच प्रतिनिधि राजेश प्रजापति, मनगवां एसडीएम संजय जैन, जनपद पंचायत गंगेव की मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्राची चौबे सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आबादी की जमीन की रजिस्ट्री भी निशुल्क

उप मुख्यमंत्री ने स्वामित्व योजना की जानकारी देते हुए कहा कि आबादी भूमि पर मकान बनाकर रहने वाले लोगों को उनकी जमीन के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार पात्र हितग्राहियों की पट्टे वाली जमीन की रजिस्ट्री भी निशुल्क की जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रीवा जिले में स्वामित्व योजना के तहत कार्यों में तेजी लाई जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति अपनी जमीन की रजिस्ट्री कराने के लाभ से वंचित न रहे।

स्वास्थ्य केंद्रों में 3 हजार बंधपत्र चिकित्सकों की नियुक्ति

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं का जिक्र करते हुए बताया कि प्रदेश के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में तीन हजार बंधपत्र चिकित्सकों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे चिकित्सकों के साथ अच्छा व्यवहार करें और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में सहयोग करें।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता बढ़ाना सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। स्वास्थ्य केंद्रों में चिकित्सकों की उपलब्धता से मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा और उन्हें छोटी-छोटी समस्याओं के लिए बड़े अस्पतालों तक जाने की जरूरत कम होगी।

रक्तदान से बचाई जा सकती है मां और बच्चे की जान

उप मुख्यमंत्री ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि एनीमिया यानी खून की कमी स्वास्थ्य संबंधी गंभीर समस्याओं में से एक है। रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में लोगों को रक्तदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से जनजागरूकता अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को जीवन में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के लिए जीवनरक्षक साबित हो सकता है। उन्होंने अपने अनुभव का उल्लेख करते हुए कहा कि वे स्वयं भी जीवन में कई बार रक्तदान कर चुके हैं।

शिविर में ही कराएं समस्याओं का निराकरण

मनगवां विधायक इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान के तहत आयोजित शिविर आम नागरिकों के लिए उपयोगी साबित हो रहे हैं। विभिन्न विभागों के अधिकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध रहते हैं, जिससे लोगों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए अलग-अलग कार्यालयों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे शिविर में पहुंचकर अपनी शिकायतें और समस्याएं संबंधित अधिकारियों के सामने रखें तथा योजनाओं के पात्र हितग्राही शिविर के माध्यम से तत्काल लाभ प्राप्त करने का प्रयास करें।

न्यूक्लियर पावर प्लांट के खिलाफ जन आंदोलन में आसपास के ग्रामीणों ने भी किया सहयोग



टाटा पावर प्लांट हटाने की मांग पर अड़े ग्रामीण

रीवा। जिले के रोझौही में प्रस्तावित टाटा पावर के न्यूक्लियर पावर प्लांट के खिलाफ विरोध प्रदर्शन अब व्यापक रूप लेता जा रहा है। सरई कला और रोझौही के बाद अब लालगांव के महूहा टोला और वार्ड 2 व 3 के ग्रामीणों ने भी इसके विरोध में मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने एकजुट होकर जोरदार प्रदर्शन किया और प्लांट को रद्द करने की मांग उठाई। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने सरकार और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। लोगों की जुबान पर मुख्य रूप से विनाश नहीं विकास चाहिए, न्यूक्लियर प्लांट नहीं चाहिए,विनाश नहीं विकास चाहिए, कैंसर प्लांट नहीं चाहिए और परमाणु हटाओ जीवन बचाओ जैसे नारे गूंजते रहे। ग्रामीणों का कहना है कि यह प्लांट उनके जीवन, स्वास्थ्य और पर्यावरण के लिए बड़ा खतरा है।सामाजिक कार्यकर्ता शिवानंद द्विवेदी द्वारा क्षेत्र में चलाए जा रहे जनसंपर्क अभियान के दौरान सैकड़ों लोगों ने अपनी पीड़ा साझा की। ग्रामीणों ने दोटूक शब्दों में कहा कि उन्हें किसी भी कीमत पर यह न्यूक्लियर पावर प्लांट मंजूर नहीं है। इस विरोध प्रदर्शन में अब लालगांव पंचायत के वार्ड 2, 3 और महूहा टोला के आम नागरिकों के साथ-साथ समाजसेवी शेखर केवट, शिवानंद पांडेय, रामकली केवट, रानी, प्रदीप पटेल, रमाकांत शुक्ला, मिठाईलाल प्रजापति, सौखीलाल केवट और राजकली कोल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्लांट को लेकर न केवल रोझौही एवं सरई बल्कि आसपास के सैकड़ों गांवों में भारी आक्रोश है। कुछ दिनों पूर्व जल सत्याग्रह के दौरान विमला कोल नामक एक आदिवासी महिला की मृत्यु हो जाने से पूरे क्षेत्र में प्रशासन के प्रति और अधिक गुस्सा व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस दुर्घटना के बाद भी शासन-प्रशासन का कोई भी नुमाइंदा सुधि लेने नहीं पहुंचा। आंदोलित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि रोझौही में प्रस्तावित टाटा पावर के न्यूक्लियर प्लांट को रद्द कर यहां से नहीं हटाया गया, तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा।

निगम आयुक्त ने इंटेक वेल और 37 एमएलडी जल शोधन संयंत्र का किया निरीक्षण, स्वयं पानी पीकर परखी शुद्धता

रीवा। अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत रीवा शहर की जलप्रदाय योजना का क्रियान्वयन एवं कमीशनिंग कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए नगर निगम आयुक्त अक्षत जैन ने नवनिर्मित 125 एमएलडी क्षमता के इंटेक वेल का भ्रमण कर कार्य का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने अधिकारियों से योजना की संपूर्ण तकनीकी जानकारी ली। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान कमीशनिंग कार्य के तहत इंटेक वेल से जल शोधन संयंत्र (डब्ल्यूटीपी) के माध्यम से 6 पुरानी और 7 नई पानी की टंकियों को जोड़ा जा रहा है। इनके माध्यम से शहर में चरणबद्ध तरीके से जलापूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। आयुक्त ने निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएँ सुचारू रूप से संचालित की जाएँ।

उन्होंने डेडिकेटेड फीडर लाइन का कार्य भी शीघ्र पूर्ण करने को कहा, ताकि बिजली ट्रिप होने से जलापूर्ति प्रभावित न हो। इसके पश्चात निगम आयुक्त ने नवनिर्मित 37 एमएलडी क्षमता के जल शोधन संयंत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने संयंत्र में जल शोधन की पूरी प्रक्रिया देखी और नियमित जल परीक्षण रिपोर्ट का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं



शोधित जल पीकर उसकी शुद्धता भी जाँची। आयुक्त ने निर्देश दिए कि जल गुणवत्ता की प्रतिदिन जाँच की जाए और परीक्षण रिपोर्ट का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि क्लोरीनेशन सहित सभी शोधन प्रक्रियाएँ निर्धारित मानकों के अनुसार हों। इसके बाद आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 26 स्थित श्रवण कुमारी श्रीरामनगर कॉलोनी पहुँचकर नए नल कनेक्शनों से हो रही जलापूर्ति व्यवस्था का मौके पर जायजा लिया। वर्तमान में दोनों समय पानी उपलब्ध न होने के संबंध में उन्होंने जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी इंटरकनेक्शन और टेस्टिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण कर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि अतिरिक्त टीमें लगाकर नए कनेक्शन तेजी से किए जाएँ, ताकि शहरवासियों को निर्बाध जलापूर्ति मिल सके। निगम आयुक्त ने कहा शहरवासियों को शुद्ध और पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। अमृत 2.0 के अंतर्गत बने नए संयंत्र और टंकियाँ जलापूर्ति व्यवस्था को और मजबूत करेंगी। हमारा प्रयास है कि जल्द से जल्द हर घर तक दोनों समय नियमित जलापूर्ति पहुँचे। भ्रमण के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह एवं पीडीएमसी टीम संविदाकार एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

सगमनिया जंगल में सागौन पर चली कुल्हाड़ी, सरकारी जमीन पर प्लॉटिंग खेल शुरू

कागजों पर बदला जंगल का भूगोल, विभागों की भूमिका पर उठे सवाल

रीवा। शहर के बिछिया क्षेत्र में कुठुलिया फार्म से सटे सगमनिया जंगल और आसपास की जमीनों को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यहां बेशकीमती सागौन के हरे पेड़ों की कटाई और जंगल से लगी जमीनों पर कथित अवैध प्लॉटिंग हो रही है,ताजा मामले में करीब आधा दर्जन बड़े सागौन के पेड़ काटे जाने की जानकारी है। जंगल से लगी जमीनों पर कब्जे के बाद प्लॉट काटकर बेचे जा रहे हैं और कई स्थानों पर पक्के निर्माण भी हो रहे हैं। मामले को लेकर सबसे गंभीर सवाल जमीन के स्वामित्व और सरकारी रिकॉर्ड से जुड़े हैं। सरकारी अथवा वन विभाग से संबंधित बताई जा रही जमीनों के राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव कर कुछ भूमि निजी व्यक्तियों के नाम दर्ज कराई गई है। ऐसे में वन विभाग, राजस्व विभाग और संबंधित नगर नियोजन प्राधिकरण की संयुक्त जांच से ही पूरे मामले की वास्तविकता सामने आ सकती है।सगमनिया जंगल क्षेत्र में सागौन के हरे पेड़ों की कटाई ने पर्यावरण संरक्षण और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए हैं। सामने आई जानकारी के अनुसार, करीब आधा दर्जन बड़े पेड़ों को काटा गया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, जंगल से सटे इलाके में जमीन के छोटे-छोटे टुकड़े कर उनकी बिक्री की जा रही है। आरोप है कि आवश्यक अनुमतियों और भूमि उपयोग संबंधी प्रक्रियाओं का पालन किए बिना प्लॉटिंग की जा रही है। ऐसे में खरीदारों के सामने भी भविष्य में स्वामित्व, निर्माण अनुमति और भूमि उपयोग को लेकर परेशानी खड़ी हो सकती है।

सरकारी जमीन निजी नामों पर हुई दर्ज

मामले में राजस्व रिकॉर्ड को लेकर भी गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। स्थानीय स्तर पर दावा किया जा रहा है कि कुछ जमीनों की प्रविष्टियों में बदलाव हुआ है। इसकी जांच के लिए पुराने और वर्तमान खसरा-खतौनी, नामांतरण आदेश, भूमि के नक्शे और स्वामित्व संबंधी दस्तावेजों का मिलान जरूरी है। यदि अभिलेखों में अनियमितता सामने आती है, तो यह भी जांच होनी चाहिए कि बदलाव किस आदेश के आधार पर और किस प्रक्रिया के तहत किया गया।

घर में घुसकर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

रीवा। जिले के सेमरिया थाना क्षेत्र में घर में घुसकर सोने-चांदी के जेवरात, बर्तन और डीजे की मिक्सर मशीन चोरी करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर संदेहियों को पकड़कर पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से पीतल जैसी धातु का एक दोनों आरोपी खारा गांव के रहने वाले हैं। और कॉपर वायर का एक बंडल जब्त किया गया है। जब्त सामग्री की कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के मुताबिक, खारा गांव निवासी लव बुनकर (20), पिता रामस्वयंवर बुनकर ने 30 अगस्त को सेमरिया थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी के अनुसार, अज्ञात चोर उसके घर में घुसे और सोने का एक लॉकेट, चांदी की दो जोड़ी पायल, बर्तन तथा डीजे में इस्तेमाल होने वाली मिक्सर मशीन चोरी कर ले गए थे। शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 331(3) और 305(ए) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। चोरी की वारदात का पता लगाने के लिए पुलिस ने फरियादी और गवाहों के बयान दर्ज किए। साथ ही चोरी गए सामान और आरोपियों की तलाश के लिए मुखबिरों को सक्रिय किया गया। विवेचना के दौरान 22 अक्टूबर को मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने गुंजेश्वर सिंह पटेल उर्फ लाला (44) और संतोष सिंह पटेल उर्फ तोषण (45), दोनों निवासी ग्राम खारा, को पकड़कर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने चोरी की वारदात में शामिल होना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से पीतल जैसी धातु का 600 ग्राम वजनी एक लोटा और कॉपर वायर का एक बंडल जब्त किया है। जब्त सामग्री की कुल कीमत करीब 10 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार, आरोपी गुंजेश्वर सिंह पटेल उर्फ लाला के खिलाफ सेमरिया थाने में मारपीट सहित अन्य धाराओं के तहत पहले से भी प्रकरण दर्ज हैं।

पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में योजनाओं का लाभ दिलाएं -विधायक प्रदीप पटेल

ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो रहा है — जिला अध्यक्ष

मऊगंज। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत सीएफटी भवन पिपराही में जन विश्वास शिविर आयोजित किया गया। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं सुनकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों को आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विधायक मऊगंज प्रदीप पटेल ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय-सीमा में पहुंचाना अधिकारियों का दायित्व है। ग्रामीणों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर डॉ. राजेंद्र मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के माध्यम से अधिकारी गांवों में पहुंचकर आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण कर रहे हैं। केंद्र एवं राज्य सरकार की लाड़ली बहना, लाड़ली लक्ष्मी और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं पात्र हितग्राहियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव ला रही हैं। शिविर में कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे ने कहा कि हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलाने में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने राजस्व, पेंशन, छात्रवृत्ति एवं आहार अनुदान संबंधी आवेदनों पर समय-सीमा में कार्रवाई करने तथा नल-जल योजना



के निर्माणाधीन कार्य शीघ्र पूर्ण करने, छूटे हुए टोलों को योजना से जोड़ने और बंद हैंडपंपों को सुधारने के निर्देश दिए।

उद्यमियों से संवाद, उद्योग विस्तार में प्रशासन देगा सहयोग

मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के दौरान विधायक पटेल भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ राजेन्द्र मिश्रा एवं कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे एवं सीईओ जिला पंचायत सृष्टि देशमुख ने स्थानीय उद्यमियों प्रकाश सिंह एवं रवि सिंह से संवाद कर उनके अनुभवों एवं सुझावों की जानकारी ली। उद्यमियों ने बताया कि शासन की योजनाओं के माध्यम से प्राप्त आर्थिक एवं अन्य सहायता से उन्हें अपना व्यवसाय स्थापित करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिला है। विधायक ने कहा कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्यमिता को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। कलेक्टर ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि उद्योगों के विस्तार के लिए आवश्यक विभागीय अनुमतियों एवं प्रक्रियाओं में प्रशासन द्वारा समन्वय कर सहयोग प्रदान किया जाएगा। शिविर में लाड़ली लक्ष्मी योजना के तहत हितलाभ प्रदान किया गया।

विधायक मऊगंज श्री पटेल , कलेक्टर ,पुलिस अधीक्षक एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण कर योजनाओं की जानकारी एवं हितग्राहियों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं का जायजा लिया।इस अवसर पर अपर कलेक्टर पी.के. पांडेय, एसडीएम हनुमना राजेश मेहता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे।

स्वामित्व योजना के तहत सेनुआ में 14 हितग्राहियों को वितरित किए गए पट्टे

ग्रामीणों को मिलेगा आवासीय भूमि के अधिकारों का पट्टा - कलेक्टर

मऊगंज ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत पात्र परिवारों को उनकी आवासीय भूमि के अधिकार संबंधी दस्तावेज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित स्वामित्व योजना के अंतर्गत सेनुआ में 14 हितग्राहियों को पट्टों का वितरण किया गया। कलेक्टर राजेश कुमार ओगरे ने सेनुआ में निरीक्षण के दौरान गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में स्वामित्व योजना के अंतर्गत 14 हितग्राहियों को पट्टों का वितरण किया। स्वामित्व योजना के तहत आवासीय भूमि के अधिकार संबंधी दस्तावेज मिलने से हितग्राहियों को अपनी संपत्ति पर अधिकार का प्रमाण प्राप्त होता है। इससे भूमि संबंधी विवादों की आशंका कम करने, संपत्ति के अभिलेखों को व्यवस्थित रखने तथा शासकीय कार्यों में स्वामित्व प्रमाण प्रस्तुत करने में सुविधा मिलती है। नियमानुसार पात्रता एवं



संबंधित प्रावधानों के अधीन संपत्ति के दस्तावेजों का उपयोग करने सहित अन्य आवश्यक कार्यों में भी किया जा सकता है। योजना ग्रामीण परिवारों को उनकी आवासीय संपत्ति के अधिकारों का दस्तावेजी प्रमाण उपलब्ध कराने और संपत्ति संबंधी अभिलेखों को सुदृढ़ बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इस दौरान राजस्व अधिकारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित है।